>

Title: Need for more LPG Agencies in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand to ensure adequate supply of LPG cylinders to consumers.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): झारखंड राज्य का लोहरदगा संसदीय क्षेत्र जो कि एक आदिवासी व ग्रामीण बहुल क्षेत्र है, जिसमें पूर्णतः दो जिले गुमला व लोहरदगा सहित राँची जिले का मॉण्डर विधान सभा क्षेत्र भी आता है। पूरे संसदीय क्षेत्र में मात्र पांच रसोई गैस एजेंसी हैं, जो कि इस क्षेत्र की मांग के अनुपात में अपर्याप्त हैं। रसोई गैस के अभाव में जनता को प्राकृतिक संसाधनों जैसे लकड़ी व कोयला या फिर मिट्टी के तेल पर निर्भर रहना पड़ता है। जिसके कारण न केवल पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है अपितु यह ईंधन बहुत ही खर्चीला व स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। क्षेत्र में रसोई गैस एजेंसियों का अभाव व चालू रसोई गैस एजेंसियों में गैस सप्लाई की कमी, एजेंसियों द्वारा गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति न कर पाने से क्षेत्रीय जनता बहुत ही परेशान और आक्रोशित है। रसोई गैस न मिलने के कारण क्षेत्र में आए-दिन धरना व प्रदर्शन हो रहे हैं।

माननीय मंत्री जी इस क्षेत्र में रसोई गैस की आवश्यकता व परेशानी को ध्यान में रखते हुए इस विकराल समस्या से निपटने के लिए जल्द से जल्द आपके मंत्रालय द्वारा कोई ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। अतः मैं सरकार से यह आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सभी ब्लाकों में कम से कम एक गैस एजेंसी हो, ऐसा सुनिश्चित किया जाए। जिससे कि आम जनता को रसोई गैस आसानी से उपलब्ध हो सके।